Phone No (Primary): 0755 – 2529266
Phone No (Sr Sec.): 0755 – 2529077
E-mail: mfschool@rediffmail.com
An ISO 9001: 2008 Certified Reg No. CCPL/QMS/F2011

ST. MONTFORT SCHOOL
PATEL NAGAR, P.B.NO.16, PIPLANI PO., BHOPAL 462 021 M.P (INDIA)
(Affiliated to CBSE, New Delhi, Affi.No.1030149)

8वाँ मोन्टफोर्ट कप बॉस्केट बॉल टूर्नामेंट 2016–17

आज दिनांक 26 अक्टूबर 2016 को सेंट मोंट फोर्ट विद्यालय में दो दिवसीय 8वें मोंटफोर्ट कप बॉस्केट बॉल टूर्नामेंट में सेंटमोंट फोर्ट विद्यालय सहित शहर के 16 प्रतिशिष्ठत विद्यालयों की 28 टीमों ने भाग लिया है। इसमें से 16 टीमें बालक वर्ग की तथा 12 टीमें बालिका वर्ग की है।

इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी एलेक्स ने मुख्य अतिथि श्री मोहित जी, डी. एस. पी. लाइन, भोपाल तथा विशिष्ट अतिथि ब्रदर जेम्स इक्का, प्रोंविशियल सुपीरियर सेंट मोंटफोर्ट का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया । तत्पश्चात् मुख्य अतिथि महोदय द्वारा दीप प्रजवलित किया गया । मेजबान विद्यालय के छात्र – छात्राओं दवारा प्रार्थना गीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई ।इसके पश्चात सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय के खेल मंत्री मोहित पंजवानी ने सभी टीमों को नियमपूर्वक व अनुशासन के साथ खेलने की शपथ दिलाई मुख्य अतिथि श्री मोहित जी द्वारा टूर्नामेंट के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की गई ।
प्रथम चक्र में हुए मैचों में बालक वर्ग में वर्ल्ड वे इन्टरनेशनल स्कूल , श्री भुवन्स भारती , सेंट जोसेफ को एड, ज्ञान गंगा , सेंट पॉल ,डी पी एस , कार्मल कॉनवेन्ट रतनपुर, सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय विजयी घोषित हुए । इसी क्रम में बालिका वर्ग में सेंट जोसेफ को एड, ज्ञान गंगा स्कूल ,सेंट जेवियर , सेंट टेरेसा स्कूल विजयी घोषित हुए ।

मोन्टफोर्ट स्कूल के परिसर में खेले जा रहे आठवें मोन्टफोर्ट कप टूर्नामेन्ट के दूसरे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्स्पेक्टर श्री अजय मिश्रा जी रहे।
बास्केट बॉल के टूर्नामेन्ट के दूसरे दिन मेजबान स्कूल मोन्ट फोर्ट तथा डी. पी. एस. स्कूल के सेमी फाइनल मैच में डी. पी. एस. ने 39 अंकों से मैच जीता तथा फाइनल में प्रवेश किया । दूसरे मैच में ज्ञान गंगा तथा भवन्स भारती के सेमी फाइनल में भवन्स भारती स्कूल ने 35 अंकों से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया ।

बास्केट बॉल के लड़कियों के फाइनल मैच में सेन्ट थेरेसा स्कूल ने 36 बास्केट से हेमा हायर सेकेण्डरी स्कूल को हरा कर अपनी जीत दर्ज कराई । इसी प्रकार लड़कों के फाइनल मैच में डी. पी. एस तथा श्री भवन्स भारती स्कूल के बीच मुकाबले में भवन्स भारती स्कूल ने 54 अंकों से इस मैच को जीत लिया

जीती हुई टीम में से विशिष्ट प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में बालिका वर्ग में –
बेस्ट शूटर – अनम अब्बास सेंट थेरेसा स्कूल
बेस्ट डिफेन्सर – आस्था सिंह हेमा हायर सेकेण्डरी स्कूल
बेस्ट प्लेयर – अर्श प्रीत सेंट थेरेसा स्कूल को दिया गया । इस क्रम में बालक बर्ग में

बेस्ट शूटर – सोनू श्री भवन्स भारती स्कूल
बेस्ट डिफेन्सर – आशुतोष डी. पी. एस. स्कूल
बेस्ट प्लेयर – शोवित भवन्स भारती स्कूल चुने गए।
समस्त जीते हुए प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा बधाई तथा उत्साह वर्धन किया गया।
पारितोषिक वितरण इन्स्पेक्टर श्री अजय मिश्रा जी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन ब्रदर एलेक्स प्राचार्य सेन्ट मोन्ट फोर्ट स्कूल के द्वारा किया गया। साथ ही समस्त खेल शिक्षकों तथा मोन्टफोर्ट शिक्षकों की टीम को बधाई दी तथा आठवें मोन्ट फोर्ट कप टूर्नामेन्ट के समापन की घोषणा की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।